उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती कृष्णा साही) : (क) जी, हां।

(ख) राज्य सरकार के अनुसार, उन्होंने विकास केन्द्रों के लिए 434.44 लाख रुपये की राशि जारी की है।

(ग) राज्य सरकार से इन तीन परियोजनाओं के संगत अनुमानों तथ सम्भावित बिक्री क्षमता के संबंध में अतिरिक्त सूचना भेजने के लिए कहा गया है।

(घ) जी, हां।

(ङ) निधियां किस्तों में जारी की जाती है जो कार्यान्वयन की प्रगति पर निर्भर करती है।

नये अन्तरराष्ट्रीय विमानपत्तनों का निर्माण

***129. श्री गोपाल सिंह जी० सोलंकी** : क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या जी सी०एस० रामनाथन की अध्यक्षता में गठित समिति ने नये अन्तरराष्ट्रीय विमानपत्तनों का निर्माण करने की सिफारिश की थी ;

(ख) यदि हां, तो तो उक्त समिति ने इस प्रयोजनार्थ देश के कौन-कौन से घरेलू विमानपत्तनों का चयन किया था ;

(ग) इस पर सरकार ने क्या निर्णय लिया है ; और

(घ) इन विमानपत्तनों के निर्माण में अब तक कितनी प्रगति हुई है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) से (घ) बंगलौर के निकट एक नये अंतरराष्ट्रीय स्तर के हवाई अड्डे के निर्माण की व्यवहार्यता की जांच के लिए श्री एस० रामनाथन की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई थी। समिति ने एक नये हवाई अड्डे के निर्माण के लिए देवनहल्ली के दक्षिण में एक जगह की सिफारिश की है। इस पर निर्णय तभी लिया जा सकता है जब इसका विस्तृत सर्वेक्षण हो जाय तथा अनुमानित लागत तय हो जाय।

Expansion and modernisation of Guwahati Airport

*130. SHRI TARA CHARAN MAJUMDAR : Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleised to state .

(a) whether the capacity utilization of Guwahati Airport is extremely low in comparison to other airports in the country;

(b) the steps taken to increase the capacity utilizaton of the airport;

(c) the steps taken for the expansion and modernisation of Guwahati Airport; and

(d) the details of additional flights likely to be introduced from the Guwahati Airport during 1994 and 1995 ?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRl GHULAM N ABI AZAD) AZAD) : (a) and (b) : No, Sir. Presently here are 35 commercial flights per week operating through Guwahati airport. There are many airports in the country where the number of flights handled is much less.

(c) Guwahati Airport is being developed as one of the Model airports. The following works are in progress :—

(i) The Terminal Building is being expanded and modified at an estimated cost of Rs. 12.45 crores;

(ii) Apron is-being extended at an estimated cost of Rs. 180 lakhs; (iii) Airport Surveillance Radar and Mono-pulse Secondary Surveillance Radar are being installed at a cost of Rs. 28.15 crores;

(iv) Ground Lighting facilities are being improved at a cost of Rs. 55 lakhs.

(d) While Indian Airlines has, at present, no plan to introduce more services to/from Guwa hati during the years 1994 and 1995, private operators are expected to extend their operattion to the North-Eastern region for which Guwahati is an important hub.